Total Pages : 4 Roll No. ....

DPHNC-05

Community Nutrition

सामुदायिक पोषण

Diploma in Public Health and
Community Nutrition (DPHCN-16/17)

Second Semester Examination, 2019 (June)

Time : 3 Hours] **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्नपत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों क, ख तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड-क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए साढे नौ (9½) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×9½=19)

1. विटामिन ए अभाव जनित रोग, लक्षण व रोकथाम के बारे में जानकारी दें।

2. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर टिप्पणी करें व इसके धनात्मक व ऋणात्मक पक्षों पर प्रकाश डालें।

3. क्लीनिकल लक्षण आधारित पोषण मूल्यांकन का विस्तृत वर्णन कीजिए।

4. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के सिद्धान्तों व उद्देश्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दें।

खण्ड-ख
(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×4=16)

1. पोषण ज्ञान प्रदान करने की सम्पर्क विधि के बारे में जानकारी दें।

2. पोषण ज्ञान के मूल्यांकन पर संक्षेप में लिखें।

3. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उद्देश्यों को संक्षिप्त में बताइएं।

4. बाहुल्य पोषण से क्या अभिप्राय है? समझाइए।

5. आहारीय इतिहास विधि द्वारा खाद्य सर्वेक्षण किस प्रकार किया जाता है?

6. 'उपभोक्ता इकाई' से आप क्या समझते हैं?

7. कारण विशिष्ट मृत्यु दर के बारे में लिखें।

8. मृत्यु दर संकेतक कौन-से हैं? नाम लिखें।

खण्ड-ग
(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) तथ्यनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा (½) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। (10×½=05)

सही विकल्प चुनिए।

1. यह प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण का एक रूप है :

(अ) घेंघा (ब) एड्स

(स) मलेरिया (द) क्वाशियोरकर।

2. इस समूह को रक्ताल्पता रोगनिरोधी कार्यक्रम का लाभ दिया जाता है।

(अ) 1-5 वर्ष का बालक (ब) गर्भवती माता

(स) छात्री माता (द) उपर्युक्त सभी।

3. .... हेतु खाद्य सूची विधि का प्रयोग किया जाता है।

(अ) खाद्य सर्वेक्षण

(ब) पोषण ज्ञान

(स) सार्वजनिक वितरण प्रणाली

(द) प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल।

4. इस विधि द्वारा रक्त व मूत्र में पोषक तत्वों का स्तर ज्ञात किया जाता है।

(अ) मौखिक प्रश्नावली (ब) खाद्य सूची

(स) बायोकैमिकल टेस्ट (द) आहारीय इतिहास।

5. यह एक सामाजिक आर्थिक संकेतक है।

(अ) रोग विशिष्ट मृत्यु दर

(ब) बाल मृत्यु दर

(स) शिशु मृत्यु दर

(द) जनसंख्या वृद्धि की दर।

सत्य/असत्य लिखिए।

6. पोषण ज्ञान टीवी के माध्यम से देना सम्भव नहीं है।

7. चलचित्र पोषण ज्ञान प्रदान करने की दूरस्थ विधि का उदाहरण है।

8. सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्र तथा प्रादेशिक सरकारों के संयुक्त दायित्व में कार्य करती है।

9. शिशु की ऊँचाई इन्फेन्टोमीटर द्वारा नापी जाती है।

10. मोटापे की रोकथाम हेतु अधिक कैलोरी से भरपूर भोजन लेना चाहिए।